आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 24.01.2026** **समय : 02.10pm**

**पीएम – रोजगार मेला**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार भारत और विदेश में युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने के प्रयास कर रही है। आज नई दिल्ली में आयोजित 18वें राष्ट्रीय रोजगार मेले को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि भारत कई देशों के साथ व्यापार और आवागमन समझौते कर रहा है, जिससे देश के कुशल युवाओं के लिए अनेक अवसर सामने आ रहे हैं। उन्होंने रोजगार मेले के बारे में कहा कि यह एक संस्थागत व्यवस्था बन चुका है और लाखों युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों से नियुक्ति पत्र मिल चुके हैं।

रोजगार मेला पहल के तहत आज के कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए 61 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। 18वां रोजगार मेला देश भर के 45 स्थानों पर आयोजित किया गया है। सभी नव–नियुक्त युवा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कार्यभार संभालेंगे। भोपाल में आयोजित रोजगार–मेले में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डा. वीरेन्द्र कुमार ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भेंट किये।

**"संध्या–छाया"– मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में नए वृद्धाश्रम "संध्या–छाया" का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने राज्य स्तरीय स्पर्श मेला–2026 के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये और सामाजिक सुरक्षा पेंशन की 327 करोड़ रुपये की राशि भी लाभार्थियों के खातों में अंतरित की।

**बालिका दिवस**

बालिकाओं के अधिकारों, सम्मान और सशक्तिकरण को मजबूती देने के उद्देश्य से प्रदेश में आज राष्ट्रीय बालिका दिवस उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर शिक्षा, सुरक्षा, अधिकार और आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन हो रहे हैं, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य का निर्माण कर सकें। कार्यक्रमों के अंतर्गत विशेषज्ञों द्वारा बालिकाओं को करियर मार्गदर्शन, डिजिटल कौशल, शिक्षा के अवसरों और कानूनी अधिकारों की जानकारी प्रदान की जा रही है।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 130वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी यह कार्यक्रम सीधा प्रसारित होगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारण होगा।

**<u>मौसम</u>**

उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर अब मध्य प्रदेश तक पहुंच रहा है। प्रदेश में लोगों को फिलहाल रात की कड़ाके की ठंड से राहत मिली है, वहीं दिन में बादल छाए रहने और कहीं–कहीं हल्की बूंदाबांदी का मौसम देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि 26 जनवरी से उत्तर–पश्चिम भारत को एक और पश्चिमी विक्षोभ प्रभावित कर सकता है। प्रदेश में कहीं–कहीं हल्की बारिश होने का अनुमान है। अगले दो दिन तक प्रदेश में तेज ठंड नहीं पड़ेगी, लेकिन सुबह के समय हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना बनी रहेगी।

## समाचार संक्षेप में –

- जबलपुर में मॉ नर्मदा प्राकट्योत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर ग्वारीघाट, भेड़ाघाट, धुआंधार जैसे प्रमुख तटों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।
- नर्मदापुरम में नर्मदा जयंती के अवसर पर ''निर्झरणी महोत्सव'' का दो दिवसीय आयोजन आज से शुरू हो गया है।
- भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य कुसुम 'बी' योजना के अंतर्गत झाबुआ जिले के किसानों को सोलर पम्प की सुविधा प्रदान की जा रही है।

..............................